बिहार सरकार

## योजना एवं विकास विभाग

## अधिसूचना

अधि0 सं0: यो0आ06/6–02/2023 2194/यो0वि0,पटना,दिनांक 22 अप्रैल, 2025

श्री रौशन कुमार रौनक, तत्कालीन सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, समस्तीपुर सम्प्रति सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, मुजफ्फरपुर के विरूद्ध कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, समस्तीपुर द्वारा गठित आरोप पत्र मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, पटना के पत्रांक 4054 दिनांक 31.07.2024 द्वारा विभाग को उपलब्ध कराया गया। आरोप पत्र में श्री रौनक, सहायक अभियंता के विरूद्ध अनुशासनहीनता, स्वेच्छाचारिता, लापरवाही, पूछे गये स्पष्टीकरणों का इच्छानुसार प्रतिउत्तर समर्पित करने/नहीं करने की प्रवृत्ति, वरीय पदाधिकारी का निदेश की अवहेलना की प्रवृत्ति, कार्यालय में ससमय उपस्थित नहीं रहने/आने, अपने अधीनस्थ कनीय अभियंता एवं संवेदकों से पदीय अनुरूप व्यवहार नहीं करने तथा कार्यों का समुचित पर्यवेक्षण नहीं करने के साथ–साथ सामान्य शिष्टाचार का पालन नहीं करने का आरोप प्रतिवेदित किया गया है।

2. विभागीय पत्रांक 4882 दिनांक 02.09.2024 द्वारा उक्त आरोप पत्र की छायाप्रति संलग्न करते हुए प्रतिवेदित आरोपों के आलोक में वस्तुपरक एवं तथ्यात्मक स्पष्टीकरण समर्पित करने का निदेश श्री रौनक, सहायक अभियंता को दिया गया। उक्त के अनुपालन में श्री रौनक, सहायक अभियंता के पत्रांक– शून्य दिनांक 21.09.2024 द्वारा स्पष्टीकरण विभाग को समर्पित किया गया। श्री रौनक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण अस्पष्ट रहने के कारण पुनः विभागीय पत्रांक 5841 दिनांक 16.10.2024 द्वारा वस्तुपरक एवं तथ्यात्मक स्पष्टीकरण विभाग को समर्पित करने का निदेश श्री रौनक को दिया गया। जिसके अनुपालन में श्री रौनक के पत्रांक– शून्य दिनांक 23.10.2024 द्वारा पूर्व में समर्पित स्पष्टीकरणों को संज्ञान लेने का अनुरोध किया गया।

3. विभागीय पत्रांक 6326 दिनांक 13.11.2024 द्वारा श्री रौनक से प्राप्त स्पष्टीकरण की छायाप्रति अनुलग्नक सहित संलग्न करते हुए स्पष्टीकरण पर मंतव्य विभाग को उपलब्ध कराने का अनुरोध मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, पटना से किया गया। मुख्य अभियंता के पत्रांक 1560 दिनांक 28.03.2025 द्वारा श्री रौनक के द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को अस्वीकृत करते हुए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी।

4. अतएव श्री रौनक द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण के संदर्भ में मुख्य अभियंता द्वारा दिये गये मंतव्य के आलोक में स्पष्टीकरण को अस्वीकार करते हुए बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम– 9 के तहत श्री रौशन कुमार रौनक, तत्कालीन सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, समस्तीपुर सम्प्रति सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, मुजफ्फरपुर को आदेश निर्गत की तिथि से निलंबित किया जाता है।

5. निलंबन अवधि में श्री रौनक, सहायक अभियंता का मुख्यालय अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ निर्धारित किया जाता है।

6. निलंबन अवधि में श्री रौनक, सहायक अभियंता को बिहार सरकारी सेवक (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियमावली, 2005 के नियम–10 के तहत नियमानुसार जीवन–यापन भत्ता का भुगतान अधीक्षण अभियंता का कार्यलय, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, पूर्णियाँ प्रमंडल, पूर्णियाँ से किया जायेगा।

7. प्रस्ताव पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से

22.04.25
(डॉ0 नुरूल हक सिवानी)
सरकार के उप सचिव

**ज्ञापांक: यो0आ06 / 6–02 / 2023 2194 / यो0वि0,पटना,दिनांक 22 अप्रैल, 2025**

प्रतिलिपिः प्रभारी पदाधिकारी, ई0 गजट कोषांग वित्त विभाग, बिहार, पटना बिहार को राजपत्र के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ (आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के माध्यम से) प्रेषित।

22.04.25
सरकार के उप सचिव

**ज्ञापांक: यो0आ06 / 6–02 / 2023 2194 / यो0वि0,पटना,दिनांक 22 अप्रैल, 2025**

प्रतिलिपिः महालेखाकार, बिहार (ले0 एवं ह0), वीरचन्द पटेल पथ, पटना / वित्त (वै0दा0नि0को0) विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.04.25
सरकार के उप सचिव

**ज्ञापांक: यो0आ06 / 6–02 / 2023 2194 / यो0वि0,पटना,दिनांक 22 अप्रैल, 2025**

प्रतिलिपिः माननीय मंत्री, योजना एवं विकास विभाग के आप्त सचिव / प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग के आप्त सचिव / संबंधित प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार / संबंधित जिला पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.04.25
सरकार के उप सचिव

**ज्ञापांक: यो0आ06 / 6–02 / 2023 2194 / यो0वि0,पटना,दिनांक 22 अप्रैल, 2025**

प्रतिलिपिः मुख्य अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, विश्वेश्वरैया भवन, पटना / अधीक्षण अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य अंचल, मुजफ्फरपुर / कार्य अंचल, पूर्णियाँ / कार्यपालक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, समस्तीपुर / कार्य प्रमंडल–01, मुजफ्फरपुर / कोषागार / उप कोषागार पदाधिकारी, समस्तीपुर / मुजफ्फरपुर / पूर्णियाँ / वरीय प्रभारी पदाधिकारी (राजपत्रित अभियंत्रण स्थापना), योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.04.25
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक: **यो0आ06 / 6–02 / 2023** 2194 **/ यो0वि0,पटना,दिनांक** 22 **अप्रैल, 2025**

प्रतिलिपि: श्री रौशन कुमार रौनक, सहायक अभियंता, स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमंडल–01, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22.04.25

सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक: **यो0आ06 / 6–02 / 2023** 2194 **/ यो0वि0,पटना,दिनांक** 22 **अप्रैल, 2025**

प्रतिलिपि: आई0टी0 मैनेजर, योजना एवं विकास विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

22.04.25

सरकार के उप सचिव